रिश्ता तू बनाले श्याम से | by Mueksh Bagda

तेरे हर दुःख में हर सुख में यही काम आएगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

ये ऐसा सच्चा साथी, हर दुःख में साथ निभाए
इस जग से हार गया जो उसे बढ़कर गले लगाए
जब ठुकरा देगी दुनिया यही साथ आएगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

ये अहिलवती का लाला हारे का बना सहारा
दिया शीश दान नटवर को पर माँ का वचन ना टाला
तिहुँ लोक में ऐसा दानी ना कोई और पायेगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

श्री कृष्ण का हाल ना पूछो किया कैसा छल है हाय
झर झर बहते थे आंसू बस इतना ही कह पाए
मेरे नाम से तू कलयुग में पहचाना जायेगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

खाटू में जो भी आता मेरे श्याम से नज़र मिलाता
वो श्याम दीवाना होकर बस इसमें ही खो जाता
तू आज अमन इसे ध्या ले भव पार जायेगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-mueksh-bag/